उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1619 दिनांक /Date.: 12/02/2021

संवाद–90

विषयः– पाठ्यक्रम जारी किये जाने के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 30/उ०अ०से०च०आ०/2021 दिनांक 05 फरवरी, 2021 में पदनाम सहायक समीक्षा अधिकारी(लेखा)/लेखाकार/सहायक लेखाकार/लेखा परीक्षक/कार्यालय सहायक तथा विज्ञापन संख्या 30/उ०अ०से०च०आ०/2021 दिनांक 05 फरवरी, 2021 में सचिवालय सुरक्षा संवर्ग के अंतर्गत रक्षक के पद विज्ञापित किये गये है।

अभ्यर्थियों को अवगत कराना है कि उपरोक्त सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा)/ लेखाकार/सहायक लेखाकार इत्यादि **के लिए अनिवार्य शैक्षिक अर्हता वाणिज्य में स्नातक/स्नातकोत्तर, बी०बी०ए०(Bachelor of Business Administration) या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष उपाधि** मांगी गयी है। इन पदों की चयन परीक्षा लिए आयोग द्वारा पाठ्यक्रम तैयार कर आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सहायक लेखाकार परीक्षा के विगत अनुभव तथा अभ्यर्थियों से प्राप्त सुझावों का संज्ञान लेकर यह परिवर्धित पाठ्यक्रम तैयार किया गया है।

उक्त के साथ ही ऐसे पद जिनके लिए अनिवार्य **शैक्षिक अर्हता माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तराखण्ड की हाईस्कूल परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा में उत्तीर्ण** है। विज्ञापन संख्या 30/2021 में विज्ञापित सचिवालय रक्षक के पद भी इसी तरह के है इनकी लिखित प्रतियोगी परीक्षा (ऑफलाइन या ऑनलाइन) के लिए हाई स्कूल स्तरीय सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन का पाठ्यक्रम भी अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।

अभ्यर्थी आयोग वेबसाइट के होम पेज **SYLLABUS(UPDATED DATE-12/02/2021)** पर जाकर **Syllabus(पाठ्यक्रम) For Latest advt.(Date 12-02-2021)** लिंक पर क्लिक कर इन पाठ्यक्रमों को देख सकते हैं व इसके अनुरूप अपनी तैयारियां प्रारम्भ कर सकते हैं। जुलाई माह में इन दोनों पदों पर लिखित परीक्षा प्रस्तावित की गयी है।

आगामी परीक्षाओं हेतु शुभकामना के साथ।

आयोग की ओर से,
12/2/21
(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता
राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com